Raj Express (Indore), 05th September 2022, Page – 02

देशभर के तमाम आईआईटीज में बढ़ी हैं सीटें, नया कोर्स नहीं शुरु होने से सीटों की संख्या में नहीं हुआ इजाफा

आईआईटी इंदौर में इस साल नहीं बढ़ी सीटें

इंदौर(आरएनएन)। जोसा काउंसलिंग के लिए सीट मैट्रिक्स और हिस्सा लेने वाले संस्थानों की सूची जारी कर दी है। जो स्टूडेंट काउंसलिंग राउंड के लिए आवेदन करना चाह रहे हैं, वे जोसा की आधिकारिक साइट पर जाकर इस लिस्ट को देख सकते हैं। जोसा 12 सितंबर को जेईई काउंसलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू करेगा। इस बार देशभर के तमाम आईआईटी में सीटों की संख्या में इजाफा हुआ है लेकिन आईआईटी इंदौर में सीटों की संख्या में कोई बदलाव नहीं हुआ हैं।

नहीं शुरु हुआ नया कोर्स: आईआईटी प्रबंधन के अनुसार इस बार किसी तरह का नया कोर्स नहीं शुरु किया गया हैं, जिसके चलते सीटों की संख्या में इजाफा नहीं हुआ। ऐसा कोई जरुरी नियम नहीं की देश के अन्य संस्थानों में सीटों में इजाफा हुआ है तो सभी जगह सीटों की संख्या बढ़ाई जाए। सीट मैट्रिक्स के मुताबिक कुल 54477 सीटों पर एडमिशन होंगे। सीट मैट्रिक्स के मुताबिक इंदौर सहित देश के 23 संस्थानों में कुल 16598 सीटें पर एडमिशन होगा। इनमें से 1567 सीटें महिलाओं के लिए हैं। आईआईटी संस्थानों में पिछले साल की तुलना में सीटों की संख्या 366 अधिक है। महिलाओं के लिए पिछले साल 1,534 सीटें थीं। इसी तरह ट्रिपलआईटी की 980और जीएफटीआई में 681 सीटें बढ़ी हैं। एनआईटी में कुल 23245 सीटों पर एडमिशन होंगे। जीएफटीआई में एडमिशन के लिये 6759 सीटें मौजूद हैं।

1 लाख स्टूडेंट्स ने नहीं करवाया रजिस्ट्रेशन

इस बार आईआईटी इंदौर में 360 सीटों पर ही एडमिशन दिया जाएगा। इसमें महिलाओं के लिए 35 सीटें अलग से आरक्षित हैं। एक निजी संस्थान के प्रबंधक ने बताया जेईई मेन में टॉप ढाई लाख स्टूडेंट्स जेईई एडवांस परीक्षा देते हैं, इस बार 1 लाख 60 हजार 38 ने ही रजिस्ट्रेशन करवाया और मात्र 1 लाख 56 हजार 89 स्टूडेंट ने परीक्षा दी। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्टूडेंट्स का रुझान इंजीनियरिंग को लेकर कम हुआ है।

जोसा काउंसलिंग की अहम तारीखें

- काउंसलिंग के लिये ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन आधिकारिक वेबसाइट पर 12 सितंबर से
- 18 और 20 सितंबर को की जाएगी दो मॉक सीट अलॉट , मिलेगा च्वॉइस बदलने का मौका, स्टूडेंट्स कर सकेंगे उन्हें लॉक
- 6 राउंड में होना है काउंसलिंग, पहला सीट अलॉटमेंट रिजल्ट 23 सितंबर को
- फीस पेमेंट, डॉक्यूमेंट अपलोड 23 से 26 सितंबर के बीच
- दूसरी लिस्ट 28 सितंबर को
- तीसरी लिस्ट 3 अक्टूबर को
- 6वीं और फायनल लिस्ट 16 अक्टूबर के दिन